मुख्य सचिव ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियां परखीं

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ में तीन जून को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी थ्री का शुभारम्भ आगामी 3 जून को होगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मंगलवार को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-थ्री के आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं उद्योगपतियों के आवागमन, बैठने की व्यवस्था, डायस प्लान, पत्र-प्रतिनिधियों के कवरेज, पार्किंग स्थल तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक सेरेमनी में ख्याति प्राप्त औद्योगिक घरानों के उद्योगपति बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मंत्री, सांसद एवं विधायक भी इसमें शामिल होंगे। इसलिए कार्यक्रम की विशिष्टता और भव्यता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सेरेमनी में आने वाले अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये तथा परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाये।

बैठक में एवं निरीक्षण के दौरान अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, मण्डलायुक्त लखनऊ रंजन कुमार, पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश समेत अन्य मौजूद रहे।